# जौरा में पुराने रेलवे स्टेशन के मेन गेट से हटाए गए अतिक्रमण

## अवैध रूप से बन रहीं 4 दुकानों का निर्माण रोका, रेलवे अधिकारियों की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 2 अगस्त।** कस्बे के पुराने रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर अवैध रूप से बनाई जा रही चार पक्की दुकानों का अवैध निर्माण रेलवे अफसरों ने शनिवार को हटवाया। यहां बता दें कि उत्तर मध्य रेलवे, झांसी के अधिकारियों ने गुरुवार को मौके का निरीक्षण किया था। शुक्रवार को निर्माण स्थल पर एक चेतावनी बोर्ड लगा दिया। इस बोर्ड का उद्देश्य भविष्य में किसी भी तरह के अतिक्रमण को रोकना है।

यहां बता दें कि पुराने स्टेशन परिसर की मुख्य सड़क से सटी जमीन पर पिछले कुछ दिनों से चार पक्की दुकानों का निर्माण तेजी से चल रहा था। इसके लिए जमीन में गड्ढे खोदकर पिलर डालने की तैयारी थी और रेत, गिट्टी व सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री भी मौके पर पहुंचाई जा चुकी थी।



1980 के दशक में नगरपालिका ने इसी रेलवे भूमि पर 109 अस्थाई दुकानें और पांच सीढ़ियां बनाई थीं। उस समय यह नैरोगेज लाइन का हिस्सा था और स्टेशन शहर से दूर था। हालांकि नैरोगेज की जगह ब्रॉडगेज लाइन आने और नया स्टेशन बनने के बाद पुराना परिसर उपेक्षित हो गया।

नतीजतन, इस क्षेत्र पर रेलवे की निगरानी कमजोर पड़ गई, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोगों ने दोबारा अतिक्रमण करने की कोशिश की थी।

**इनका कहना है...**

जौरा के पुराने रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के पास रेलवे प्रशासन ने एक बोर्ड लगाया है। यह कार्रवाई क्षेत्र को चिन्हित करने के उद्देश्य से की गई है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके।

**मनोज कुमार सिंह**
**जनसंपर्क अधिकारी रेलवे**

# 2.30 लाख किसानों के खाते में 46.11 करोड़ सम्मान निधि ट्रांसफर

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 2 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के बनारस से किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त शनिवार को जारी की। उन्होंने जिले के 2 लाख 30 हजार 566 किसानों के बैंक खाते में 46 करोड़ 11 लाख 32 हजार की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर की। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एनआईसी कक्ष में देखा गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मेघा तिवारीए एसडीएम बीएस कुशवाह सहित राजस्व अधिकारी एवं किसानगण मौजूद थे।

**एनआईसी में हुआ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण**




विकासखंड जौरा विकासखंड में सबसे अधिक 61 हजार 442 किसानों के खाते में 12 करोड़ 28 लाख 84 हजार की राशि खातों में ट्रांसफर की गई। वहीं सबसे कम मुरैना ब्लॉक के शहरी क्षेत्र के 2 हजार 494 किसानों के खातों में 49 लाख 88 की राशि ट्रांसफर हुई। इसके अलावा अंबाह ब्लॉक में 31 हजार 744 किसानों के खाते में 6 करोड़ 34 लाख 88 हजार, बानमोर के 14 हजार 367 किसानों के खातों में 2 करोड़ 87 लाख 94 हजारए कैलारस ब्लॉक के 28 हजार 694 किसानों के खातों में 5 करोड़ 73 लाख 80 हजारए मुरैना ग्रामीण क्षेत्र के 31 हजार 353 किसानों के खातों में 6 करोड़ 30 लाख 70 हजारए पोरसा ब्लॉक के 28 हजार 847 किसानों के खातों में 5 करोड़ 76 लाख 94 हजार और सबलगढ़ ब्लॉक के 31 हजार 443 किसानों के खातों में 6 करोड़ 28 लाख 86 हजार की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर की गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पूर्व सरपंच घायल

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 2 अगस्त।** मिड़ैला मार्ग पर नई तहसील के पास एक बुजुर्ग पुरुष को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अंबाह थाना क्षेत्र के 60 साल के रतन बसई निवासी पूर्व सरपंच प्रभू सिंह तोमर दोपहर 12 बजे अपने गांव रतनवसई से अंबाह सामान लेने जा रहे थे। तभी नई तहसील के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी।

जिसमें वह गंभीर हालत में बेहोश हो गएए स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी।

जिसके बाद सभी लोग उन्हें सिविल अस्पताल अंबाह लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल मुरैना रेफर कर दिया।

## अजा वर्ग के किशोर व युवक की मारपीट, जातिय अपमान

**मुरैना, 2 अगस्त।** जौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सांवलिया का पुरा में रहने वाले आकाश जाटव 16 पुत्र लोकेन्द्र जाटव की 1 अगस्त को हिमांशु शाक्य, भोला गौड़ नि. रूनीपुर रोड जौरा ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं नूराबाद पुलिस ने पवन जाटव 23 पुत्र कल्लू जाटव नि. बानमोर की रिपोर्ट पर शुभम, बनवारी, सूरज राठौर, सुखवीर गुर्जर नि. बानमोर के विरुद्ध मारपीट और एससी, एसटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# डॉक्टर ने बच्चे को मृत बताया, परिजन बोले सांसें चल रहीं, ले भागे

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 2 अगस्त।** छत्त से गिरने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए गए डेढ़ साल के बच्चे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। डैड हाऊस पर कुछ लोगों ने बच्चे की सांसें चलने की बात कही। जिसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए बच्चे को अपने साथ ले गए। हालांकि दो घंटे बाद वे फिर से मृत बच्चे को लेकर डैड हाऊस पहुंचें, जिसके बाद उसका पोस्टमार्टम हुआ।

जानकारी के अनुसार माताबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम जींगनी में रहने वाले आदित्य कुशवाह का डेढ़ साल का पुत्र दिव्यांश शनिवार की दोपहर घर की छत्त पर खेल रहा था। खेलते समय अचानक दिव्यांश छत्त से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में

**दो घंटे बाद बच्चे के शव को लेकर डैड हाऊस पहुंचें परिजन**

परिजन दिव्यांश को लेकर जिला अस्पताल पहुंचें। यहां जांच करने के बाद ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने दिव्यांश को मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डैड हाऊस पर परिजन के साथ आए कुछ लोगों ने बच्चे की



सांस चलने की बात कही। जिसके बाद परिजन भावुक हो गए और उसे उठाकर अपने साथ ले जाने लगे। डैड हाऊस पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने, परिजन बच्चे को पचोखरा गांव ले जाने की बात कहकर उसे अपने साथ लेकर वहां से निकल गए। जिला अस्पताल चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। हालांकि करीब दो घंटे बाद परिजन बच्चे को मृत अवस्था में लेकर फिर अस्पताल पहुंच गए। जिसके बाद बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया जा सका।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रांसपोर्ट व्यवसाई की मौत

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 2 अगस्त।** एनएच-44 हाईवे पर शुक्रवार की रात एक ट्रांसपोर्ट व्यवसाई को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे व्यवसाई की मौत हो गई। हादसा सरायछौला क्षेत्र में होना बताया गया है।

**शुक्रवार की रात एनएच-44 हाईवे पर सरायछौला क्षेत्र में हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार सरायछौला पुलिस थाने के सामने रहने वाला रामवीर पिप्पल 40 पुत्र रामस्वरूप पिप्पल पेशे से ट्रांसपोर्ट व्यवसाई था। रामवीर अविवाहित था, वो अपने बड़े भाई महेन्द्र सिंह






पिप्पल के परिवार के साथ रहता था। जबकि उसके दो अन्य भाई भी है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात करीब ढाई बजे रामवीर पिप्पल अपने घर के सामने एनएच-44 हाईवे को पार कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जख्मी हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

## मृतक के छोटे भाई ने लगाए हत्या के आरोप

डैड हाऊस पर मृतक रामवीर पिप्पल के छोटे भाई नरोत्तम पिप्पल ने कहा कि रामवीर अविवाहित था, उसने बड़े भाई महेन्द्र के पुत्र गंभीर सिंह पिप्पल के भाई को अपना वारिस बना दिया था। छोटे भाई नरोत्तम का कहना है कि संभवतः रामवीर की संपत्ति को हड़पने के लिए उसकी हत्या कर हाईवे पर शव को फेंका गया है।

# फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 2 अगस्त।** 69वीं फ्री स्टाईल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को कस्बा जौरा के शासकीय कन्या विद्यालय गढ़ी के प्रांगण में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न आयु वर्ग के तहत किया गया। जिसमें महिला एवं पुरुष पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

**जौरा के गढ़ी विद्यालय प्रांगण में हुआ आयोजन**



प्रतियोगिता में 71 किग्रा वजन वर्ग में मोनू शर्मा, 50 किग्रा वजन वर्ग में शिवम दिनकर, 55 किग्रा वजन वर्ग में राजू खान ने जीत हासिल की। इसी क्रम में 45 किग्रा वजन वर्ग में निखिल और इसी आयु वर्ग में बालिका ग्रुप की ओर से निधि तोमर विजेता रही। यश ओझा ने 57 किग्रा वजन वर्ग में परचम लहराया। 65 किग्रा वजन गर्ग में कान्हा शर्मा, 80 किग्रा वजन गर्ग में शैतान सिंह विजेता घोषित किए गए। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए है। आयोजन में अंबरीश पाराशर, प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र कुशवाह, मुन्नालाल यादव, संजय शर्मा, राजेन्द्र जैन, क्रीड़ा अधिकारी श्रीराम त्यागी, हेमलता सोलंकी, राजकुमार दुबे उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बियर की 12 बोतलों के साथ युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 2 अगस्त।** महुआ थाना पुलिस ने 31 जुलाई को हरजीत उर्फ मुलू पुत्र बसंत सिंह तोमर नि. फूटापुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से ब्लैक फोर्ट बियर की 12 बोतलें बरामद कीं गईं। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### हार-जीत का दांव लगा रहे 4 जुआरी पकड़े, 10 हजार जब्त

**मुरैना, 2 अगस्त।** महुआ थाना पुलिस ने 1 अगस्त को रायपुर रोड पर ग्राम खेरनी में यात्री प्रतीक्षालय के पीछे ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे कुलदीप जोशी, बंटू कुशवाह, रिंकू बाथम और ओमहरि नि. नगला भदौरिया जिला धौलपुर राजस्थान को पकड़ा। पुलिस ने उनके पास से नकदी 10 हजार रूपये और ताश की गड्डी जब्त की। जुआ एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

### गाली-गलौज कर युवक से मारपीट, केस दर्ज

**मुरैना, 2 अगस्त।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के ग्राम गंजरामपुर निवासी पंजाब सिंह जाटव पुत्र राकेश जाटव की 1 अगस्त को सोनू पुत्र राजेन्द्र जाटव ने गालियां देते हुए मारपीट की और धमकी भी दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### घर में घुसकर युवक की मारपीट, मामला दर्ज

**मुरैना, 2 अगस्त।** सबलगढ़ क्षेत्र के ग्राम रहू का पुरा निवासी सतेन्द्र 24 पुत्र दीना गोस्वामी की 31 जुलाई को मनोज, भरत, पंकज, कारू नि. बानमोर ने घर में घुसकर मारपीट कर डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### दिमनी-बानमोर में मारपीट के अलग-अलग केस दर्ज

**मुरैना, 2 अगस्त।** दिमनी पुलिस ने विकास तोमर 25 पुत्र गुड्डन तोमर नि. मिरघान की रिपोर्ट पर लवकुश के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। उधर बानमोर पुलिस ने जयभान सिंह 22 पुत्र तहसीलदार सिंह नि. ग्राम गढ़िया पोरसा की रिपोर्ट पर कमलकिशोर, भरत, मोनू जाटव नि. फड़ का पुरा बानमोर के विरुद्ध गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला दर्ज किया है।

### रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली के साथ ड्राईवर गिरफ्तार

**मुरैना, 2 अगस्त।** पहाड़गढ़ थाना पुलिस ने 1 अगस्त को ग्राम सगोरिया नहर की पुलिया के पास से चंबल नदी की रेत से भरे स्वराज ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर रवि पुत्र प्रकाश गुर्जर नि. खैरों थाना चिन्नौनी के विरुद्ध मप्र खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### किरन बनी सेन समाज विकास संगठन की जिलाध्यक्ष

**मुरैना, 2 अगस्त।** सेन समाज विकास संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व ने किरन श्रीवास को सेन समाज विकास संगठन महिला मोर्चा का मुरैना जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया है। अपनी नियुक्ति पर श्रीवास ने संगठन के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारिओं का आभार व्यक्त किया है।

# बाढ़ पीड़ितों से मिले पूर्व विधायक सत्यपाल, बांटी राशन सामग्री

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 2 अगस्त।** पूर्व विधायक एवं लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू शनिवार को चंबल नदी में आई बाढ़ से प्रभावित हुए अंबाह तहसील के दर्जनभर से अधिक गांवों के लोगों से मिले। मुलाकात के दौरान उन्होंने पीड़ितों से बाढ़ के कारण हुए नुकसान की जानकारी ली और राहत के रूप में राशन सामग्री उन्हें भेंट की।

**शासन से हरसंभव मदद दिलाने का दिया आश्वासन**



पूर्व विधायक श्री सिकरवार ने शनिवार को अंबाह तहसील के ग्राम कुथियाना, बीलपुर, नीबरीपुरा, घेर, छैंकुरियापुरा, मल्लाहों का पुरा में पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों का हालचाल जाना। उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों से कहा कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी और संगठन का हर एक कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हुआ है। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि वे उनके नुकसान की भरपाई के लिए शासन स्तर पर मदद दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर बाढ़ प्रभावित गांवों में जल्द सहायता पहुंचानें के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, पूर्व जपं अध्यक्ष रामू तोमर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयवीर सिंह सिकरवार, सुल्तान सिंह सिकरवार, कुलदीप तोमर, महेन्द्र सिंह, सरपंच सुखलाल कुशवाह, परशुराम सिंह तोमर, जितेन्द्र शर्मा डंडौली, शिवकुमार सिंह तोमर बरेह, जगन्नाथ सिंह कुशवाह आदि उपस्थित थे।

# गौसेवकों को टीआई दे रहे झूठे मुकद्दमे में फंसाने की धमकी

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 2 अगस्त।** गौ-सांसद रुद्र प्रताप सिंह ने स्टेशन रोड थाना टीआई और उनके सहयोगियों पर अपने गौसेवकों को झूठे मुकद्दमे में फंसाने की धमकियां दिए जाने के आरोप लगाए है। आरोपों को लेकर गौ-सांसद रुद्रप्रताप सिंह ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और गौसेवकों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में रुद्रप्रताप सिंह ने बताया है कि 28 जुलाई को वो अंबाह बायपास रोड के रास्ते अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान लालौर गांव के चौराहे पर एक लोडिंग वाहन खड़ा हुआ मिला। जिसमें दर्जनभर से अधिक गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन किया जा रहा था। लोडिंग वाहन के पास कुछ लोग खड़े थे, जो उनके ड्राईवरों से पैसे ले रहे थे। जब रुद्रप्रताप सिंह ने वीडियो शूट करना शुरू किया तो पैसे ले रहे लोगों ने उसे रोका और बाइक की चाबी और मोबाइल छीनकर वीडियो एवं फोटो डिलीट कर दिए। जाच बचाकर रुद्रप्रताप सिंह वहां से

**गौ-सांसद रुद्रदेव बजरंगी के स्टेशन रोड थाना प्रभारी पर आरोप, दिया ज्ञापन**

निकल आए। रास्ते में इमलिया चौराहे पर अन्य लोडिंग वाहन भी खड़े मिले। जिन्होंने पूछने पर बताया कि वे दिमनी, माताबसैया और स्टेशन रोड सहित तीनों थानों को परिवहन के नाम पर पैसे देते है। रुद्रप्रताप सिंह का कहना है कि उनके द्वारा लोडिंग वाहन चालकों का वीडियो शूट करने के बाद मीडियाकर्मियों तक पहुंचा दिया। जिसके बाद से ही स्टेशन रोड थाना प्रभारी और उनके सहयोगियों द्वारा रुद्रप्रताप सिंह सहित अन्य गौसेवकों को फर्जी मुकद्दमे में फंसाने की धमकियां दी जा रही है। ज्ञापन में गौ सांसद रुद्रप्रताप सिंह ने पूरे मामले की जांच के बाद स्टेशन रोड टीआई के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने और गौसेवकों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# नृत्य-संगीत का हुआ आयोजन, एक-दूसरे को बांधे फ्रेंडशिप बैंड

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 2 अगस्त।** महाराज महासेन महिला मंडल के तत्वावधान में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन बीते रोज स्थानीय होटल राधिका पैलेस में किया गया। 3 अगस्त को मित्रता दिवस को लेकर आयोजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधे और शुभकामनाएं दीं।

**महासेन महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव**

कार्यक्रम का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से शाम 6.30 बजे तक हुआ। कार्यक्रम में शामिल हुईं महिलाओं ने हरियाली के प्रतीक हरे रंग के पारंपरिक परिधान पहनने के साथ हरे रंग की चूडियां पहनी हुईं थी। स्वागत गीत और दीप प्रज्जवलन के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसके बाद




रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मेंहदी, हाऊजी गेम, संगीत प्रतियोगिता, फैशन शो और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष प्रतीक्षा बांदिल ने कहा कि हरियाली तीज न केवल पारंपरिक त्यौहार है, बल्कि यह नारी शक्ति, प्रकृति प्रेम और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें अपने परिवार, समाज और संस्कृति से जोड़ता है। सावन की हरियाली के बीच महिलाओं का इस तरह पारंपरिक परिधानों में एकत्र होना, एक-दूसरे के साथ खुशियाँ बांटना, गीत-संगीत में डूब जाना अपने आप में एक सुंदर अनुभव है।

कार्यक्रम में संरक्षक संरक्षक श्रीमती ऊषा बांदिल, श्रीमती ऊष्मा गुप्ता, श्रीमती प्रीति मांडिल, नीता बांदिल, मयूरी बांदिल, प्रीति गुप्ता, गौरी, भारती, कनक, मानसी गुप्ता, सुप्रिया, राधा, रूबी, बबीता, सपना गुप्ता, सारिका, अंकिता, जूली, पिंकी, सुनीता, अनीता, शैंकी, हेमा, वंदना, श्वेता, भावना, रेखा और निशा आदि उपस्थित थे।


## आम सूचना

श्रीमती सुमन डंडोतिया पत्नी श्री महेन्द्र कुमार डंडोतिया के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित बारह फुटा हनुमान मौहल्ला, ग्राम जौरी, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.14 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.718 ग्राम जौरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 960 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है: - पूर्व में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में भूखण्ड परमार, उत्तर में भूखण्ड महेन्द्र कुमार डंडौतिया एवं दक्षिण में-भूखण्ड शिवराज है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामावतार सिंह पुत्र श्री सुवालाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामावतार सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुमन डंडोतिया पत्नी श्री महेन्द्र कुमार डंडीतिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792018ए1693012 दिनांक 12.10.2018 से विक्रय की गई। श्रीमती सुमन डंडौतिया द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री रामविशाल के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती उषा देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान सेन्ट्रम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फैडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**